MAHD-03

June - Examination 2016

M.A. (Previous) Hindi Examination

हिन्दी साहित्य का इतिहास

Paper - MAHD-03

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र तीन खण्डों 'अ', 'ब' और खण्ड 'स' में विभाजित है। खण्ड 'अ' अतिलघुत्तरात्मक है। खण्ड 'ब' लघुत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबन्धात्मक प्रश्न सम्मिलित है।

(खण्ड – अ) **$8 \times 2 = 16$**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

   (i) आदिकाल के विभिन्न नाम बताइए।

   (ii) प्रेममार्गी शाखा की किन्हीं दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

   (iii) सन्त कवियों की कविता का प्रतिपाद्य विषय क्या है?

   (iv) रीतिबद्ध एवं रीतिमुक्त काव्य का अंतर स्पष्ट कीजिए।

   (v) प्रगतिवादी काव्य की विषयवस्तु क्या है?

(vi) सगुणभक्ति की दो काव्यधाराओं का नाम लिखिए।

(vii) प्रयोगवाद का आरंभ किस कविता संकलन से माना जाता है, उसमे कवि/संपादक का नाम लिखिए।

(viii) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के कोई दो निबंधों के नाम लिखिए।

(खण्ड – ब) $4 \times 8 = 32$

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न कीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

2) आदिकालीन साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालें।

3) आप रीतिकाल का प्रवर्तक कवि किसे मानते हैं? सप्रमाण उत्तर दीजिए।

4) रामभक्ति काव्य की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

5) नाट्य साहित्य के बहुमुखी विकास पर प्रकाश डालिए।

6) हिन्दी निबंधने 20 वीं शताब्दी में जो प्रगति की है, उसे बताइए।

7) हिंदी साहित्य के विकास में महावीर प्रसाद द्विवेदी के प्रदेय को रेखांकित कीजिए।

8) छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है। इस कथन को स्पष्ट करते हुए छायावाद के महत्व को प्रतिपादित कीजिए।

9) नयी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(खण्ड – स) $2 \times 16 = 32$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर दीजिए। शब्द–सीमा अधिकतम 500 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 16 अंक का है।

10) 'दासो' शब्द की उत्पत्ति सम्बन्धी विभिन्न विद्वानों के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

11) भक्तिकाल के काव्य वैभव पर प्रकाश डालिए।

12) आधुनिक गद्य साहित्य के विकास में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का स्थान निर्धारित करते हुए भारतेन्दु युग की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

13) हिंदी कथा साहित्य की परंपरा पर विचार प्रस्तुत कीजिए।